FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## प्रेस नोट थाना टूण्डला दिनांक 18-04-2025 जनपद फिरोजाबाद।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना टूण्डला पुलिस एवं एसओजी / सर्विलांस टीम द्वारा लूट / चोरी के विभिन्न अभियोगों में वाँछित 20 हजार रूपये का इनामिया अभियुक्त सिन्टू उर्फ सिन्टौला पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार।

- **पुलिस मुठभेड़ के दौरान 20 हजार रूपये के इनामिया अभियुक्त सिन्टू उर्फ सिन्टौला पैर में गोली लगने से हुआ घायल......**
- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा, 02 खोखा कारतूस व चोरी की 01 प्लैटिना मोटर साइकिल बरामद...**
- **वाँछित 20 हजार रूपये का इनामिया अभियुक्त सिन्टू उर्फ सिन्टौला जनपद के थाना टूण्डला, थाना नारखी से विभिन्न अभियोगों में लगभग 01 वर्ष से चल रहा था फरार...**
- **अभियुक्त के विरुद्ध जनपद फिरोजाबाद एवं मथुरा के विभिन्न थानों में चोरी / लूट से सम्बन्धित लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 18-04-2025 को थाना टूण्डला पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम को मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि थाना टूण्डला से चोरी के विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहा 20 हजार रुपये का इनामिया अभियुक्त सिन्टू उर्फ सिन्टौला से थाना क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। उक्त सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा हिरनगाँव पुल के मोड़ पर जरौली खुर्द की ओर जाने वाले रास्ते पर बीएस कालेज के पास चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान सामने से मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। तो उक्त मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल को वापस मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा जिससे हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपनी तरफ आता देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर एवं चोरी की 01 मोटरसाइकिल बरामद हुए हैं। घायल अभियुक्त की पहचान 20 हजार रुपये के इनामिया वांछित अभियुक्त सिन्टू उर्फ सिन्टौला पुत्र शेर सिंह के रूप में हुई है जो कि थाना टूण्डला, थाना नारखी, थाना उत्तर एवं

जनपद मथुरा से विभिन्न अभियोगों में वांछित चल रहा है। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-**

1- सिन्टू उर्फ सिन्टौला पुत्र शेर सिंह निवासी मकान न0 130 पचवान कालोनी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद हाल निवासी अनिल यादव का किराये का मकान ठार पूठा थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

**बरामदगी का विवरण-**

1- 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर।

2- 02 खोखा कारतूस 315 बोर।

3- 01 जिंदा कारतूस 315 बोर।

4- चोरी की 01 प्लेटिना मोटरसाइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

**अभियुक्त सिन्टू उर्फ सिन्टौला का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0स0 367/2024 धारा 457/380/411 भादवि0 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
2. मु०अ०सं० 379/2024 धारा 380/411/414 भादवि0 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
3. मु0अ0स0 456/2024 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस0 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
4. मु0अ0सं0 458/2024 धारा 112/310(4)/310(5)/317(2)/317(5) बीएनएस0 थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।
5. मु0अ0स0 441/2024 धारा 303 (2)/317(2) बीएनएस0 थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।
6. मु०अ०स० 237/2024 धारा 303(2) बीएनएस0 थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद।
7. मु०अ०स० 351/2023 धारा 379 भादवि0 थाना जमुनापार जनपद मथुरा।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1- प्र0नि0 श्री अन्जीश कुमार सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

2- एसओजी / सर्विलांस प्रभारी उ0नि0 अमित तोमर मय टीम जनपद फिरोजाबाद।

3- उ0नि0 श्री राकेश कुमार गिरी थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

4- उ0नि0 अंकित जादौन थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

5- उ0नि0 श्री मुकुल त्यागी थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

6- उ0नि0 श्री सावन कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

7- हे0का0 231 रामवीर सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

8- हे0का0 955 रमेश कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

9- हे0का0 681 हरवेन्द्र कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

10- का0 574 रोहित कुन्दु थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

11- का0 554 गौरव कुमार थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

12- का0 1150 हरिओम थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

13- का0 194 पुष्पेन्द्र सिंह थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।

14- का0 62 आशीष ठैनुआ थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।